**Paper - VI**

# MT

**Seat No.** | | | | | | | |

**2018 .... .... 1100**

MT - HINDI (ENTIRE) (SECOND OR THIRD LANGUAGE) (H) - SEMI PRELIM - I - PAPER - VI

**Time : 3 Hours** **(Pages 10)** **Max. Marks : 100**

---

**सूचनाएँ :- (1) सूचना के अनुसार गद्‌य, पद्‌य तथा पूरक पठन की आकलन कृतियों में आवश्यकता के अनुसार आकृतियों में ही उत्तर लिखना अपेक्षित है।**

**(2) सभी आकृतियों के लिए पेन का ही प्रयोग कीजिए।**

**(3) रचना विभाग तथा व्याकरण विभाग में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए आकृतियों की आवश्यकता नहीं है।**

**(4) शुद्‌ध, स्पष्ट एवं सुवाच्य लेखन अपेक्षित है।**

## विभाग 1 - गद्‌य

**24 अंक**

**प्र.1. (क) निम्नलिखित पठित गद्‌यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए । (8)**

बस जल्दी-जल्दी हाथ-मुँह धो चाय के लिए टेबल पर जा पहुँचा। लगा, उन्हें सारी रामकहानी मालूम है पर उन्होंने कोई तर्क नहीं किया। न कुछ जाहिर होने दिया।

कुछ देर बाद चाय पीते-पीते बोले- “अम्मा ने कहा, तुम लोग आ गए हो, पर तुम कहते हो रात बड़ी देर को आए। कहाँ चले गए थे ?”

जवाब दिया- “हाँ, बाबू जी ! एक जगह खाने पर चले गए थे।”

उन्होंने आगे प्रश्न किया- “लेकिन खाने पर गए तो कैसे ? जब मैं आया तो फिएट गाड़ी गेट पर खड़ी थी। गए कैसे ?”

कहना पड़ा- “हम इंपाला शेवरलेट लेकर गए थे।”

बोले - “ओह हो, तो आप लोगों को बड़ी गाड़ी चलाने का शौक है।”

बाबू जी खुद इंपाला का प्रयोग न के बराबर करते थे और वह किसी ‘स्टेट गेस्ट’ के आने पर ही निकलती थी। उनकी बात सुन मैंने अनिल भैया की तरफ देख आँख से इशारा किया। मैं समझ गया था कि यह इशारा इजाजत का है। अब हम उसका आए दिन प्रयोग कर सकेंगे।

चाय खत्म कर उन्होंने कहा- “सुनील, जरा ड्राइवर को बुला दीजिए।”

मैं ड्राइवर को बुला लाया। उससे उन्होंने पूछा- “तुम लॉग बुक रखते हो न ?”

उसने ‘हाँ’ में उत्तर दिया। उन्होंने आगे कहा- “एंट्री करते हो ?”

“कल कितनी गाड़ी इन लोगों ने चलाई ?”

वह बोला- “चौदह किलोमीटर।”

उन्होंने हिदायत दी- “उसमें लिख दो, चौदह किलोमीटर निजी उपयोग।”

तब भी उनकी बात हमारी समझ में नहीं आई फिर उन्होंने अम्मा को बुलाने के लिए कहा। अम्मा जी के आने पर बोले- “सहाय साहब से कहना, साठ पैसे प्रति किलोमीटर के हिसाब से पैसे जमा करवा दें।”

**(1)** (i) **आकृति पूर्ण कीजिए।** **1**




(ii) **कृति पूर्ण कीजिए।** **2**




**(2)** **किसने, किससे कहा?** **1**

(i) ''चौदह किलोमीटर''

(iii) ''तुम लोग लॉग बुक रखते हो न?''

**(3)** (i) गद्यांश में से शब्द-युग्म ढूँढ़कर लिखिए। **2**

(ii) गद्यांश में प्रयुक्त अंग्रेजी शब्द लिखिए।

**(4)** **'पिता अपने बच्चों द्वारा की गई गलती को सुधारने में उनकी मदद करता है।' इस पर अपने विचार लिखिए।** **2**

**प्र.1.** **(ख) गद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए।** **(8)**

संस्था चलाने का भार तो आनेवाली बहनें ही उठा सकेंगी क्योंकि उनमें कई तो कुशल होंगी। बहन उनको संगीत की, भक्ति की तथा प्रेमयुक्त सलाह की खुराक दें। आगे चलकर संस्था की जमीन पर छोटे-छोटे मकान बनाए जाएँगे और उसमें संस्था के नियम के अधीन रहकर आने वाली महिलाएँ दो-दो, चार-चार का परिवार चलाएँगी, ऐसी संस्थाएँ मैंने देखी हैं। इसलिए जो बिलकुल संभव है, बहुत ही उपयोगी है। ऐसा ही काम मैंने सूचित किया है, इतने वर्ष के बहन के परिचय के बाद उनकी शक्ति कुशलता और उनकी मर्यादा का ख्याल मुझे है। प्रत्यक्ष कोई हिस्सा लिए बिना मेरी सलाह और सहारा तो रहेगा ही। आगे जाकर बहन को लगेगा कि उनको तो मात्र निमित्तमात्र होना था। संस्था अपने आप चलेगी। समाज में ऐसी संस्था की अत्यंत आवश्यकता है। उस आवश्यकता में से ही उसका जन्म होगा। मुझे इतना विश्वास न होता तो बहन के लिए ऐसा कुछ मैं सूचित ही नहीं करता। तुम दोनों इस सूचना का प्रार्थनापूर्वक विचार करना लेकिन जल्दी में कुछ तय न करके यथासमय मुझे उत्तर देना। बहन यदि हाँ कहे तो अभी से आगे का विचार करने लगूँगा।

**(1)** **कृति पूर्ण कीजिए।** **2**

(i)




(ii)




**(2)** (i) **वाक्य पूर्ण कीजिए।** **1**

(1) लेखक संस्था के बारे में तब आगे का विचार करेंगे ......

(2) बहन स्वयं संस्था के लिए निमित्तमात्र होगी ......

(ii) **ऐसे दो प्रश्न तैयार कीजिए कि जिनके उत्तर निम्न शब्द हों।** **1**

(1) बहन (2) संस्था

**(3)** (i) **वचन बदलिए।** **1**

(1) संस्था - .......... (2) लता - ..........

(ii) **निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।** **1**

(1) संभव × .......... (2) कुशल × ..........

**(4)** **'संस्था व समाज का आपस में संबंध होता है।' इस कथन के संदर्भ में अपने विचार लिखिए।** **2**

**प्र.1. (ग) अपठित परिच्छेद पढ़कर दी गई सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए :** **(8)**

वह हफ्ते में एक बार शहर के बाहर नाके पर खड़ा हो जाता था और देहात से दूध लाने वाले ग्वालों के दूध में डिग्री लगाता था। यदि दूध में पानी होता, तो वह सैंपल की बोतल भर लेता और ग्वाले से कहता, ''अब कचहरी में मिलना।''

ग्वाला कहता, ''छोड़ दो मालिक।''

वह कहता, ''तुम भ्रष्टाचार छोड़ दो ।''

ग्वाला कहता, ''हुजूर, भ्रष्टाचार से तो गृहस्थी चलती है । विशुद्ध दूध बेचूँगा तो शुद्ध गृहस्थी कैसे चलेगी।'' ग्वाला विचार करता ।

अब चपरासी कहता, ''अबे, समझा नहीं ?'' दूध में पानी मिलाता है और अकल नहीं रखता ? चल उधर कोने में।'' ग्वाला कोने में चला जाता। चपरासी पूछता, ''कितना दूध लाता है ?''

''बीस सेर ।''

''पानी कितना मिलाता है ?''

''आधा।''

''साले, भ्रष्टाचार के घूसरेट फिक्स हैं । अगर तू बीस सेर में दस सेर दूध लाता है तो पाँच रुपए हफ्ता देना पड़ेगा। ज्यादा जल डालेगा तो हफ्ते के रेट भी बढ़ जाएँगे ।''

''अगर मैं बिल्कुल न मिलाऊँ तो ?''

चपरासी खीझ जाता। कहता, ''अबे, पानी तो मिलाया ही कर। वरना तू क्या खाएगा और हम क्या खाएँगे ? हमारे साहब को भी दूध में पानी मिलाने में एतराज नहीं है। उन्हें एतराज है, हफ्ता न देने का। अब तू जा और दूसरे दूधवालों को भी समझा दे। मिल-जुलकर जो होता है, वह भ्रष्टाचार नहीं होता।''

ग्वाला टेंट से पाँच रुपए निकालता और चपरासी को दे देता। आगे जाकर वह नगरपालिका के नल से और पानी मिला देता, क्योंकि पाँच रुपए की चोट वह क्यों भोगे ?

**(1)** **उत्तर लिखिए।** **2**

(i) ग्वाले के अनुसार इससे घर चलता है -

(ii) इससे गृहस्थी नहीं चलती -

(iii) ग्वाला बीस सेर दूध में इतना पानी डालता था -

(iv) इसके घूसरेट फिक्स हैं -

**(2)** (i) **समझकर लिखिए।** **1**




(ii) **सही पर्याय चुनकर पूर्ण वाक्य फिर से लिखिए।** **1**

(1) **फूड इंस्पेक्टर तब सैंपल की बोतल भर लेता....**

(क) जब किसी ग्वाले के दूध में पानी होता।

(ख) जब ग्वाला उससे झगड़ा करने लगता।

(ग) जब ग्वाला उसके साथ बुरा बरताव करने लगता।

(2) **पानी तो मिलाया ही कर वरना ....**

(क) तू क्या खाएगा और हम क्या खाएँगे ?

(ख) तू क्या खाएगा और अपने बच्चों को क्या खिलाएगा ?

(ग) तू क्या खाएगा और अपनी पत्नी को क्या खिलाएगा ?

**(3)** (i) **लिंग बदलिए ।** **1**

(1) ग्वाला - .......... (2) मालिक - ..........

(ii) **निम्नलिखित शब्दों के पर्यायी शब्द लिखिए।** **1**

(1) देहात - .......... (2) कचहरी - ..........

**(4)** **'क्या दूध में पानी मिलाना अच्छी बात होती है ?' अपने विचार लिखिए।** **2**

## विभाग 2 - पद्य

**18 अंक**

**प्र.2. (च) पद्यांश पढ़कर दी गई सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए :** **(6)**

वे बोले, क्षमा कीजिए, हमें किसी ने गलत सूचना दे दी
अपनी असफलता पर वे मन ही मन पछताने लगे
सिर झुकाकर वापिस जाने लगे
मैंने उन्हें रोककर कहा, ठहरिए!
सिर मत धुनिए मेरी एक बात सुनिए
मेरे घर में अधिक धन होता तो आप ले जाते
अब जब मेरे घर में बिल्कुल धन नहीं है
तो आप मुझे कुछ देकर क्यों नहीं जाते
जिनके घर में सोने चाँदी के पलंग और सोफे हैं
उन्हें आप निकलवा लेते हैं
बहुत अच्छी बात है निकलवा लीजिए
पर जिनके घर में बैठने को कुछ भी नहीं
उनके यहाँ कम-से-कम
एक तख्त तो डलवा दीजिए ।

**(1)** **प्रवाह तालिका पूर्ण कीजिए।** **2**

**छापा मारनेवालों में आया परिवर्तन**

↓

| |
|---|
| |

↓

| |
|---|
| |

↓

| |
|---|
| |

↓

| |
|---|
| |

**(2)** (i) **ऐसे प्रश्न बनाइए जिनके उत्तर निम्नलिखित शब्द हों-** **1**

(1) तख्त (ii) असफलता

(ii) **समझकर वाक्य पूर्ण कीजिए।** **1**

| जिनके घर में सोने चाँदी के पलंग व सोफे होते हैं |
|---|
| ↓ |
| |

**(3) निम्नलिखित पद्यांशों का भावार्थ लिखिए।** **2**

वे बोले, क्षमा कीजिए, हमें किसी ने गलत सूचना दे दी
अपनी असफलता पर वे मन ही मन पछताने लगे
सिर झुकाकर वापिस जाने लगे
मैंने उन्हें रोककर कहा, ठहरिए!
सिर मत धुनिए मेरी एक बात सुनिए
मेरे घर में अधिक धन होता तो आप ले जाते
अब जब मेरे घर में बिल्कुल धन नहीं है
तो आप मुझे कुछ देकर क्यों नहीं जाते

**प्र.2. (छ) निम्न मुद्दों के आधार पर निम्न कविता का पद्य विश्लेषण कीजिए:** **6**

(i) **अपनी गंध नहीं बेचूँगा** **अथवा** (ii) **भारत महिमा**

(1) कविता के कवि/रचनाकार का नाम :
(2) काव्य प्रकार
(3) पसंदीदा पंक्ति
(4) पसंदीदा होने का कारण
(5) कविता से प्राप्त संदेश/प्रेरणा

**प्र.2. (ज) अपठित पद्यांश पढ़कर दी गई सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए :** **(6)**

काम जरा लेकर देखो, सख्त बात से नहीं स्नेह से
अपने अंतर को नेह अरे, तुम उसे जरा देकर देखो ।
कितने भी गहरे रहें गर्त, हर जगह प्यार जा सकता है,
कितना भी भ्रष्ट जमाना हो, हर समय प्यार भा सकता है।
जो गिरे हुए को उठा सके, इससे प्यारा कुछ जतन नहीं,
दे प्यार उठा पाए न जिसे, इतना गहरा कुछ पतन नहीं ।।

**(1) उत्तर लिखिए।** **2**

(i) किसी से काम करवाने के लिए उपयुक्त -
(ii) हर समय अच्छी लगने वाली बातें -

**(2) आकृति में उत्तर लिखिए।** **2**

(i) अच्छा प्रयत्न यही है - [ ]
(ii) यही अधोगति है - [ ]

**(3) पद्यांश की तीसरी और चौथी पंक्ति का संदेश लिखिए।** **2**

**विभाग 3 - पूरक पठन** **8 अंक**

**प्र.3. (अ) गद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए।** **(4)**

लाड़ली को काकी से अत्यंत प्रेम था। बेचारी भोली लड़की थी। बालविनोद और चंचलता की उसमें गंध तक न थी। दोनों बार जब उसके माता-पिता ने काकी को निर्दयता से घसीटा तो लाड़ली का हृदय ऐंठकर रह गया। वह झुँझला रही थी कि यह लोग काकी को क्यों बहुत-सी पूड़ियाँ नहीं दे देते। उसने अपने हिस्से की पूड़ियाँ बिलकुल न खाई थीं। अपनी गुड़ियों की पिटारी में बंद कर रखी थीं। उन पूड़ियों को काकी के पास ले जाना चाहती थी। उसका हृदय अधीर हो रहा था। बूढ़ी काकी मेरी बात सुनते ही उठ बैठेंगी, पूड़ियाँ देखकर कैसी प्रसन्न होंगी! मुझे खूब प्यार करेंगी।

रात के ग्यारह बज गए थे। रूपा आँगन में पड़ी सो रही थी। लाड़ली की आँखों में नींद न आती थी। काकी को पूड़ियाँ खिलाने की खुशी उसे सोने न देती थी। उसने पूड़ियों की पिटारी सामने ही रखी थी। जब विश्वास हो गया कि अम्मा सो रही हैं, तो अपनी पिटारी उठाई और बूढ़ी काकी की कोठरी की ओर चली।

सहसा कानों में आवाज आई- "काकी, उठो मैं पूड़ियाँ लाई हूँ।" काकी ने लाड़ली की बोली पहचानी। चटपट उठ बैठीं। दोनों हाथों से लाड़ली को टटोला और उसे गोद में बैठा लिया। लाड़ली ने पूड़ियाँ निकालकर दीं।

**(1)** (i) **उपर्युक्त गद्यांश से ऐसे दो प्रश्न तैयार कीजिए जिनके उत्तर निम्नलिखित शब्द हों -** **1**

(1) लाड़ली (2) पूड़ियाँ

(ii) **कारण लिखिए।** **1**

(1) लाड़ली को नींद इसलिए नहीं आ रही थी।

(2) माता-पिता द्वारा काकी को निर्दयता से घसीटने पर यह हुआ।

**(2)** **'बच्चे मन के सच्चे होते हैं। उनके पास न ईर्ष्या होती है और न द्वेष।' अपने विचार लिखिए।** **2**

**प्र.3. (आ) पद्यांश पढ़कर दी गई सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए :** **(4)**

हम उस धरती के लड़के हैं, जिस धरती की बातें
क्या कहिए; अजी क्या कहिए; हाँ क्या कहिए।
यह वह मिट्टी, जिस मिट्टी में खेले थे यहाँ ध्रुव-से बच्चे।

यह मिट्टी, हुए प्रहलाद जहाँ, जो अपनी लगन के थे सच्चे।
शेरों के जबड़े खुलवाकर, थे जहाँ भरत दतुली गिनते,
जयमल-पत्ता अपने आगे, थे नहीं किसी को कुछ गिनते!

इस कारण हम तुमसे बढ़कर, हम सबके आगे चुप रहिए।
अजी चुप रहिए, हाँ चुप रहिए। हम उस धरती के लड़के हैं...

**(1)** (i) **वर्गीकरण कीजिए।** **1**

(ध्रुव, प्रह्लाद, भरत, जयमल)

| ऐतिहासिक | पौराणिक |
|---|---|
| | |

(ii) **विशेषताओं के आधार पर पहचानिए।** **1**

(1) अपनी लगन का सच्चा -

(2) किसी को कुछ न गिनने वाला -

**(2)** **'जिद, लगन, मेहनत का फल सफलता है' इस पर अपने विचार लिखिए।** **2**

## विभाग 4 - व्याकरण

**18 अंक**

**प्र.4. सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए :**

**(1)** (i) **निम्नलिखित वाक्य में आए हुए संज्ञा शब्दों को रेखांकित करके उनके भेद लिखिए।** **1**

गोवा देख मैं तरंगायित हो उठा।

(ii) **निम्नलिखित वाक्य के रिक्त स्थानों में उचित सर्वनाम का प्रयोग कीजिए।** **1**

....... सार्वजनिक अस्पताल के प्राइवेट वार्ड में हैं।

**(2)** (i) **निम्नलिखित वाक्य में से अव्यय पहचानकर उसका भेद लिखिए।** **1**

वाह-वाह! खूब सोचा आपने!

(ii) **निम्नलिखित अव्यय शब्द का वाक्य में प्रयोग कीजिए।।** **1**

क्योंकि

**(3)** **काल परिवर्तन कीजिए।** **2**

(i) सरकार एक ही टैक्स लगाती है। (सामान्य भविष्यकाल)

(ii) आप इतनी देर से नाप-तौल करते हैं। (अपूर्ण वर्तमानकाल)

**(4)** **तालिका पूर्ण लिखिए ।** **2**

| संधि | संधि-विच्छेद | भेद |
|---|---|---|
| दिग्गज | ............ + ............ | ............ |
| ............ | सम् + तोष | ............ |

**(5)** (i) **अर्थ के आधार पर निम्न वाक्यों के भेद पहचानिए।** **1**

हर ओर से अब वह निराश हो गया था।

(ii) **सूचना के अनुसार निम्न वाक्य का प्रकार बदलिए** **1**

तुम्हें अपना ख्याल रखना चाहिए। (आज्ञार्थक वाक्य)

**(6)** (i) **मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में उचित प्रयोग कीजिए।** **1**

गुजर-बसर करना

(ii) **निम्नलिखित वाक्य में अधोरेखांकित शब्द समूह के लिए कोष्ठक में दिए गए मुहावरों में से उचित मुहावरे का चयन कर वाक्य फिर से लिखिए।** **1**

(इज्जत उतारना, हाथ फेरना, काँप उठना, तिलमिला जाना, दुम हिलाना, बोलबाला होना)

सार्वजनिक अस्पताल का खयाल आते ही मैं <u>भयभीत हो गया</u>।

**(7) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके फिर से लिखिए।** **2**

(i) करामत अली गाय अपनी घर लाई।

(ii) मैं मेरे देश को प्रेम करता हूँ।

**(8) निम्न वाक्य में से मुख्य क्रिया और सहायक क्रिया पहचानकर लिखिए।** **1**

उसकी ननद रूठ गई।

**(9) निम्नलिखित क्रियाओं के प्रथम तथा द्‌वितीय प्रेरणार्थक रूप लिखिए।** **1**

| अ.क्र | क्रिया | प्रथम प्रेरणार्थक | द्‌वितीय प्रेरणार्थक |
|---|---|---|---|
| (i) | बेचना | | |
| (ii) | कहना | | |

**(10) निम्नलिखित वाक्य में उचित विरामचिह्नों का प्रयोग कर वाक्य पुन: लिखिए।** **1**

बड़ी बेटी ने ससुराल से संवाद भेजा है उसकी ननद रूठी हुई है मोथी की शीतलपाटी के लिए

**(11) निम्नलिखित वाक्य के रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित कारक चिह्नों से कीजिए और कारक का नाम लिखिए।** **1**

उन्हें पुस्तक ले आने ....... कहा।

## विभाग 5 - रचना विभाग

**32 अंक**

**प्र.5. सूचना : आवश्यकतानुसार परिच्छेद में लेखन अपेक्षित है :**

**(1) निम्नलिखित में से किसी एक पत्र का प्रारूप तैयार कीजिए।** **5**

विजय/विजया मोहिते वरदा सोसायटी, विजयनगर, जालना से व्यवस्थापक, औषधि भंडार, नागपुर को पत्र लिखकर आयुर्वेदिक औषधियों की माँग करता/करती है।

**अथवा**

**वक्तृत्व-प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने के उपलक्ष्य में आपके मित्र या सहेली ने आपको बधाई पत्र भेजा है, उसे धन्यवाद देते हुए निम्न प्रारूप में पत्र लिखिए।**

दिनांक: ....................

संबोधन: ....................

अभिवादन: ....................

प्रारंभ:

विषय विवेचन:

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

तुम्हारा/तुम्हारी,

..................................

नाम: ....................

पता: ....................

ई-मेल आईडी: ................................................

**(2) निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर पाँच ऐसे प्रश्न तैयार कीजिए जिनके उत्तर एक वाक्य में हो।** **5**

श्री. सी. वी. रामन ने छात्रावस्था में ही विज्ञान के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का सिक्का देश में ही नहीं विदेशों में भी जमा लिया था। बात यह थी कि रमन का एक साथी छात्र ध्वनि के संबंध में कुछ प्रयोग कर रहा था। उसे कुछ कठिनाइयाँ प्रतीत हुईं, संदेह हुए। वह अपने अध्यापक जोन्स साहब के पास गया। परंतु वह भी उसका संदेह निवारण न कर सके। रामन को पता चला तो उन्होंने उसे समस्या का अध्ययन-मनन किया और इस संबंध में उस समय के प्रसिद्ध लार्ड रेले के निबंध पढ़े और उस समस्या का एक नया ही हल खोज निकाला। यह हल पहले हल से सरल और अच्छा था। लार्ड रेले को इस बात का पता चला तो उन्होंने रामन की प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा की। अध्यापक जोन्स भी प्रसन्न हुए और उन्होंने रामन से इस प्रयोग के संबंध में लेख लिखने को कहा। रामन ने लेख लिखकर श्री जोन्स को दिया, पर जोन्स उसे जल्दी लौटा न सके। कारण संभवत: यह था कि वह उसे पूरी तरह आत्मसात न कर सके।

**प्र.6. (1) वृत्तांत लेखन । (लगभग ६० से ८० शब्दों में)** **5**

**अपने विद्यालय में मनाए गए किसी समारोह का वृत्तांत लेखन कीजिए।**

**(2) निम्न मुद्दों के आधार पर ५० से ६० शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए।** **5**




**(3) निम्नलिखित शब्दों के आधार पर ८० से १०० शब्दों में कहानी लेखन कीजिए तथा उचित शीर्षक दीजिए।** **5**

(अलमारी, गिलहरी, चावल के पापड़, छोटा बच्चा)

**(4) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर ८० से १००० शब्दों में निबंध लिखिए ।** **7**

(i) 'जल है तो कल है।'

(ii) 'संदेश वहन के आधुनिक साधनों से लाभ-हानि'

**Best Of Luck**